तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार 7 मई 2026

13 छात्रों के लिए वरदान साबित होंगे 5 जी टावर...



14 माकड़ीखूना शिविर में वित्त मंत्री ने सुनी समस्याएं...





## खबर संक्षेप

### कांकेर में कल होगा जिला स्तरीय स्टार्टअप वर्कशॉप

**कांकेर**। स्टार्टअप इंडिया, डीपीआईआईटी भारत सरकार द्वारा संचालित तेजस कार्यक्रम अंतर्गत देशभर के चयनित जिलों में स्टार्टअप वर्कशॉप आयोजित की जानी है। इसके तहत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा जिला स्तरीय स्टार्टअप वर्कशॉप का आयोजन 08 मई को जगदलपुर मार्ग स्थित एक निजी होटल कांकेर में सुबह 11 बजे किया जाएगा। उक्त कार्यशाला में जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारीगण, महिला स्व-सहायता, चेंबर ऑफ कॉमर्स, एमएसएमई एवं आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं लाईवलीहुड कॉलेज के विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।

### निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपए की स्वीकार

**कांकेर**। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अरूणोदय सेवा समिति अघननगर लट्टीपारा कांकेर में सामुदायिक हॉल का निर्माण कार्य के लिए 09 लाख 79 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा स्वीकृति आदेश की अनुशंसा सांसद निधि पोर्टल ई-साक्षी के माध्यम से किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्माण कार्य हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद कांकेर को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है।

### 4 मेधावी छात्र 10 को देखेंगे आईपीएल मैच

**कांकेर**। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के मेधावी छात्रों को रायपुर के स्टेडियम में 10 मई को आयोजित होने वाले आईपीएल मैच का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के 4 विद्यार्थियों चारामा विकासखण्ड के हायर सेकण्डरी स्कूल लखनपुरी की महेश्वरी, कोयलीबेड़ा के हायर सेकण्डरी स्कूल कन्या कापसी की अपर्णा विश्वास और कांकेर विकासखण्ड के पीएमश्री उत्कृष्ट विद्यालय नरहरदेव के यश खोब्रागढ़े तथा कक्षा 10 वीं में चारामा के निजी स्कूल की एक छात्रा ईशा दुर्गाशी को 10 मई को रायपुर भेजा जाएगा।

### युवक की सड़क हादसे में मौत, मर्ग कायम

**कांकेर**। लोहत्तर थानांतर्गत लोहत्तर निवासी 24 वर्षीय गौतम औरसा पिता स्व. रामसाय औरसा को गंभीर चोट आने कि वजह से 5 मई को मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। चोट गंभीर होने के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# दुर्गूकोंदल क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त सात जब्त हाइवा पुलिस के सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के दुर्गूकोंदल क्षेत्र में अवैध उत्खनन के खिलाफ खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 हाईवा वाहनों को जब्त किया है। यह कार्रवाई जडेकुर्से, पित्तेफूलचूर, परभेली, डांगरा और सटेली गांवों में की गई, जहां से अवैध खनन और परिवहन की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से अवैध उत्खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा खनिज विभाग को बार-बार शिकायतें दी जा रही थीं कि क्षेत्र में बिना अनुमति के खनिजों का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए खनिज विभाग की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान मौके पर 6 हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 08 एएफ 3519, हाईवा क्रमांक सीजी 08 एएक्स 7311, सीजी 08 बीसी 6894, सीजी 08 डीएक्स 7563, सीजी 10 बीएच 5680, सीजी 24 वाय 0628, सीजी 24 जीवाय 6549 को अवैध रूप से खनिज परिवहन करते हुए पाए गए, जिन्हें तत्काल जब्त कर लिया गया। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जब्त किए गए सभी वाहनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि इन वाहनों के पास वैध दस्तावेज नहीं थे ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खनिज विभाग की टीम पहुँचने पर रेत माफियाओं में मचा हडकंप

### तीन दिन पहले थी हिदायत

कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने तीन दिन पहले सोमवार को समय सीमा की बैठक में स्पष्ट किया था कि अवैध उत्खनन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए लगातार निगरानी रखी जाएगी और भविष्य में भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि यदि किसी को इस प्रकार की गतिविधियों की जानकारी मिलती है, तो वह तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।



### सात हाइवा पर हुई कार्रवाई

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि अवैध परिवहन कर रही 07 हाईवा को जब्त कर कार्रवाई किया गया है, इसके अलावा अवैध खदान के बारे में जो जानकारी मिली है, उसकी भी जाँच करने के लिए टीम गई हुई है, वहाँ से रिपोर्ट मिलने के उपरांत संबंधितों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होने कहा कि अवैध उत्खनन से न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है, बल्कि शासन को राजस्व की भी हानि होती है।

## कांकेर के गौरव समारोह में वित्त मंत्री ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के मूलमंत्र

# बस्तर की बौद्धिक राजधानी कांकेर में शिक्षा से सकारात्मक बदलाव संभव : ओपी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिला बस्तर की बौद्धिक राजधानी है, जहां साल-दर-साल शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार स्थापित हुए हैं। जीवन में नये और सकारात्मक बदलाव शिक्षा से ही संभव है, लेकिन यह सफलता का अंतिम पड़ाव नहीं है। इतिहास देखें तो पता चलता है कि अभाव और आगे बढ़ने की दृढ़ इच्छाशक्ति से ही वास्तविक कामयाबी मिली है। उक्त बातें प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कांकेर के गौरव कार्यक्रम अंतर्गत मेधावी छात्रों एवं प्राचार्यो के सम्मान समारोह में कही।

समारोह के दौरान मंत्री वित्त मंत्री ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने लगभग एक घंटे तक धारा प्रवाह नए नए इनोवेशन को उदाहरण देकर छात्रों को प्रेरित किया। वित्त मंत्री ने अपने सफल जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में कुछ बड़ा करना हो तो सोच और लक्ष्य भी बड़ा होना चाहिए। हर सफल व्यक्ति अपने व्यक्तिगत अनुभवों और जीवन की कठिनाइयों से सीख लेकर आगे बढ़ता है और खुद को स्थापित करता है। उन्होंने सभी मौजूद विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए आगे बताया कि अपनी मां की प्रेरणा से आगे बढ़ने की राह मिली और सफलता का मुकाम हासिल किया। आज के प्रतियोगी वाले दौर में इनोवेशन और मोटिवेशन दोनों ही बहुत जरूरी है। इसके बिना लक्ष्य हासिल करना असंभव होता है और वास्तव में कामयाबी तभी मिलती है, जब व्यक्ति अपनी कमजोरियों पर विजय पा लेता है। उन्होने प्राचार्यो से भी अपील करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सृजनात्मक एवं आजीविकामूलक गतिविधियों के लिए भी प्रेरित और प्रोत्साहित करें। सांसद ने भी छात्रों को प्रोत्साहित किया।

**वित्त मंत्री ने कलेक्टर की तारीफ की :** आयोजित कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बेहतर परिणाम आने पर और शिक्षा के क्षेत्र में कई इनोवेशन करने को लेकर कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर की तारीफ करते हुए कहा कि कलेक्टर ने शहर के अलावा ग्रामीण इलाके को ध्यान में रखते हुए जिले की 11 तहसील स्तर तक शिक्षा के क्षेत्र में इनोवेशन का कार्य किया है, जो काबिले तारीफ है। कलेक्टर ने जिले की उपलब्धियों को गिनाया।

**कार्यक्रम में यह रहे शामिल :** आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम अरूण वर्मा, डीईओ रमेश निषाद, डीएमसी नवनीत पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, दिलीप जायसवाल, राजा पाण्डेय, राजा देवनानी, अरविंद जैन के अलावा शत प्रतिशत रिजल्ट देने वाले जिले के सभी विद्यालयों के प्राचार्य एवं छात्र उपस्थित रहे।





### आज के विद्यार्थी ही देश और समाज के भविष्य

विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि जिले के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का भी प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश और समाज का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें बेहतर शिक्षा और संसाधन उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। विधायक ने यह भी आश्वासन दिया कि क्षेत्र में शिक्षा के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और स्कूलों की बुनियादी सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाएगा।

## बिजली कर्मचारियों ने ओपीएस की मांग पर विधायक को ज्ञापन सौंपा



**भानुप्रतापपुर**। प्रदेश में बिजली व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले विद्युत कर्मचारी और संविदा कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर अब खुलकर आवाज उठानी शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने इसी कड़ी में भानुप्रतापपुर में विधायक सावित्री मनोज मंडावी को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया।

यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पहल पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों की वास्तविक स्थिति और उनकी जायज मांगों को जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाना है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस लागू करने की मांग को प्रमुखता से उठाया गया, जिसे कर्मचारी अपने भविष्य की सुरक्षा से जोड़कर देख रहे हैं। इसके अलावा लंबे समय से कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, विभाग में रिक्त पड़े पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने और आउटसोर्सिंग एवं ठेका प्रथा को समाप्त करने की भी मांग की गई। यूनियन का कहना है कि इन समस्याओं के समाधान से न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था भी अधिक सुदृढ़ और स्थिर हो सकेगी। उन्होंने विधायक से आग्रह किया कि इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान की दिशा में पहल की जाए, ताकि कर्मचारियों को राहत मिल सके और बिजली सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आ सके। ज्ञापन सौंपते समय यूनियन के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य नेमीचंद साहू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## तीन शराब कोचियों को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर**। नरहरपुर थाना पुलिस ने 5 मई को छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी नाथियानवागांव निवासी 57 वर्षीय राधेश्याम शेरी पिता लखन लाल शोरी के कब्जे से 7.20 लीटर अंग्रेजी शराब कीमत 4 हजार 430 रूपएं को जप्त किया, आरोपी भर्रीटोल निवासी 26 वर्षीय हेमंत उईके पिता देवलाल उईके के कब्जे से 9 लीटर अंग्रेजी शराब को जप्त किया गया, आरोपी नावडबरी निवासी 25 वर्षीय चंद्रहास शोरी पिता स्व. पुनीत राम शोरी के कब्जे से 6.120 लीटर अंग्रेजी शराब कीमत 3 हजार 180 रूपएं का परिवहन करते हुए पकड़ा गया।



# बारात गए युवक की बाइक चोरी रिपोर्ट दर्ज, अज्ञात चोर की तलाश

**कांकेर**। शादी समारोह की रौनक के बीच एक युवक के लिए खुशी का माहौल उस वक्त चिंता में बदल गया, जब उसकी बाइक अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दी गई। मामला कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां बारात में शामिल होने गए युवक को लौटने पर अपनी मोटरसाइकिल गायब मिली। घटना ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार अंतागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ेतोपाल निवासी 30 वर्षीय विजय दर्रो अपने पिता लादूराम दर्रो के साथ 28 अप्रैल को मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएल 5873 से नेहरूनगर, नारायणपुर एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। शादी की रस्मों में शामिल होने के बाद 30 अप्रैल को विजय दर्रो ने अपनी बाइक राकेश दर्रो के घर के सामने खड़ी कर दी और शाम करीब 4 बजे बारात के साथ बागमार बालोद के लिए रवाना हो गए। बारात में शामिल होने के बाद जब विजय दर्रो 1 मई को दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे वापिस नेहरूनगर पहुंचे, तो जहां उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की थी, वहां वह मौजूद नहीं थी। पहले तो उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की और खुद भी काफी देर तक बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः उन्हें यह समझने में देर नहीं लगी कि उनकी बाइक चोरी हो चुकी है। पीड़ित के अनुसार चोरी हुई मोटरसाइकिल की कीमत लगभग 25 हजार रुपए आंकी गई है। पीड़ित ने भानुप्रतापपुर थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) ▶▶|शेष पेज 12 पर



# डिवाइडर से टकराया ट्रक, अनहोनी टली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर भानुप्रतापपुर में सोमवार की देर रात एक बड़ा हादसा टल गया, जब दिल्ली रोड पर तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया, जिससे ट्रक सीधे डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक के अगले हिस्से को नुकसान पहुंचा, हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात प्रभावित रहा और वाहनों की लंबी कतार लग गई। नगरवासियों ने डिवाईडर पर रेडियम लगाने की माँग किया।





## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स
NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (YOGA) (योगा) | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं,12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। साथ ही 50 रुपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की तिथि - 10.05.2026**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 11.06.2026**

प्रति,
कार्यसंचालक (NSDC)
मॉडर्न इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईंस (MIPS)
शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,
भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013

प्रति,
कार्य संचालक पैरा मेडिकल कोर्स

महोदय,
..............................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..............................
2. पिता/पति का नाम ..............................
3. जन्मतिथि अंकों में ..............................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..............................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..............................
   मोबाइल नंबर ..............................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..............................
7. शैक्षणिक योग्यता ..............................

Skill India कौशल भारत-कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।

# बेशरम पौधों की अंधाधुंध कटाई से बिगड़ रहा पर्यावरण संतुलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

प्रकृति की अनमोल देन माने जाने वाले "बेशरम" पौधे आज चारामा क्षेत्र में तेजी से खत्म होते नजर आ रहे हैं। रेत खदानों की बढ़ती जरूरतों ने इन पौधों के अस्तित्व पर खतरा खड़ा कर दिया है। हालात यह हैं कि कभी आसानी से उपलब्ध रहने वाली यह प्रजाति अब विलुप्ति की कगार पर पहुंचती दिख रही है।

अलग खबर

जानकारी के मुताबिक, महानदी के आसपास संचालित रेत खदानों में भारी वाहनों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए बेशरम पौधों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है। रेत में हाईवा ट्रकों के धंसने से बचाने के लिए अस्थायी सड़कों पर इन पौधों को बिछाया जाता है। इसी कारण चारामा और आसपास के गांवों से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर और पिकअप वाहनों के माध्यम से इनकी कटाई कर खदानों तक आपूर्ति की जा रही है। स्थानीय स्तर पर सक्रिय सप्लायर खदान संचालकों के साथ मिलकर इस दोहन को लगातार बढ़ावा दे रहे हैं। नतीजतन, क्षेत्र में बेशरम पौधों की संख्या तेजी से घटती जा रही है। कई इलाकों में तो यह पौधे लगभग खत्म हो चुके हैं, जिससे जैव विविधता पर भी प्रतिकूल असर पड़ने लगा है।

- रेत खदान संचालकों की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग
- वाहनों के रास्ते के लिए मनमानी



**फौरन रोक लगाएं**

पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि जल्द ही इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो पारिस्थितिकी संतुलन बिगड़ सकता है। उनका सुझाव है कि सरकार इन पौधों के उपयोग पर नियंत्रण, नियमन या टैक्स लागू करे, ताकि इनके अंधाधुंध दोहन पर अंकुश लगाया जा सके और राज्य को राजस्व का भी लाभ मिल सके।

# करदाता ने 16 साल का बकाया संपत्तिकर एकमुश्त किया जमा

- बकाया रकम 68 हजार देकर प्राप्त की रसीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर पालिका निगम में एक करदाता ने 16 वर्षों का बकाया संपत्ति कर एकमुश्त जमा किया । बुधवार को निगम कार्यालय में राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा एवं सहायक राजस्व निरीक्षक साधु राम बघेल की उपस्थिति में प्रसून ठाकुर ने 68,264 रुपये की राशि जमा की। सभापति राणा ने आभार व्यक्त करते कहा कि



नागरिक समय पर कर जमा करें, ताकि अतिरिक्त शुल्क से बचा जा सके। उन्होंने वर्ष 2026-27 के संपत्ति कर में मिलने वाले छूट का लाभ उठाने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### चंद्राकर बने हाउसिंग बोर्ड के ईई

**जगदलपुर।** हाउसिंग बोर्ड जगदलपुर संभाग के कार्यपालन



अभियंता एमके सोम के कवर्धा स्थानांतरण होने से उनके स्थान में कार्यपालन अभियंता नरेन्द्र चंद्राकर ने कार्यभार लिया। उन्होंने बताया कि बस्तर जिले में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर ठेकेदारों को निर्देश देंगे कि वे निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ करे, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### ओबीसी समाज का अपमान बंद करे सरकार

**जगदलपुर।** कांग्रेस नेता एवं संभागीय अध्यक्ष ओबीसी शंकर



सेन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि केंद्र सरकार ओबीसी वर्ग को जानबूझकर नजरअंदाज कर रही है। जातिगत जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम, कालम कोड नहीं देने का विरोध करना केंद्र सरकार की ओबीसी विरोधी चेहरा प्रतीत हो रहा है। आगामी जनगणना में जातिगत गणना शामिल करने का ऐलान तो कर दिया लेकिन ओबीसी समाज के साथ अन्याय किया जा रहा है। जनगणना फॉर्म में एससी और एसटी के लिए अलग कॉलम रखा गया है, लेकिन ओबीसी वर्ग के लिए अलग कॉलम या स्पष्ट कालम कोड नहीं दिया गया है। यह ओबीसी समाज को जानबूझकर नजरअंदाज करने और उनके सही आंकड़ों को छिपाने की कोशिश है। उन्होंने मांग करते कहा कि अलग कॉलम तुरंत जोड़ा जाए। ओबीसी की सभी उप-जातियों के लिए स्पष्ट कालम कोड सुनिश्चित किया जाए।

## केंद्र सरकार की मदद से प्रदेश के सीएम ने खत्म किया लाल आतंकवाद

# माकड़ीखूना शिविर में वित्त मंत्री ने सुनी समस्याएं एवं हितग्राहियों को दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रदेश के वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण तथा योजना एवं सांख्यिकी मंत्री ओ.पी. चौधरी बुधवार 6 मई को जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने अंतर्गत कांकेर विकासखण्ड के ग्राम माकड़ीखूना में आयोजित शिविर में ग्रामीणों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत ग्रामीणों को सामग्री वितरित की।

सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के तहत ग्राम माकड़ीखूना में बुधवार को आयोजित शिविर में वित्त मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले चार दशक से अधिक समय से माओवाद को समाप्त करने के नामुमकिन कार्य को प्रदेश सरकार ने केंद्र के सहयोग से मुमकिन कर दिखाया। उन्होंने बताया कि सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत किए और मेहनतकश किसानों को उनका हक दिलाया, वहीं महतारी वंदन योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर बनीं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 5500 रूपए प्रति मानक बोरा की दर से तेन्दूपत्ता खरीद रही है। इस तरह प्रदेश के साथ-साथ कांकेर जिले के समग्र विकास के लिए प्रदेश सरकार हर संभव मदद कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि पर्यटन के क्षेत्र में बस्तर में अनेक संभावनाएं हैं, जिसके अनुरूप बस्तर के विकास के लिए सरकार द्वारा कार्ययोजना तैयार की जा रही है। सांसद ने कहा कि लंबे समय तक लाल आतंक का दंश झेल रहे बस्तर को केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश सरकार ने माओवाद को खत्म किया। कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार के अंतर्गत कामकाज को परखने व जानने के लिए सरकार गांव-गांव में दस्तक दे रही है। इसके पहले, कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जानकारी देते हुए बताया कि सुशासन तिहार और बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के तहत 14 अधोसंरचना और 31 व्यक्तिमूलक योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिए गांवों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिसका लाभ ग्रामीण अवश्य लें।





**सामग्री का किया वितरण**

आयोजित शिविर में वित्त मंत्री ने विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत ग्रामीणों को सामग्री वितरित की। इसके तहत खाद्य विभाग द्वारा 03 हितग्राही ईश्वरी, जयंती और सविता को राशन कार्ड प्रदाय किया गया। इसी तरह प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत जितेन्द्री कौशिक को रसोई गैस कार्ड, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गंगाबाई यादव को आवास की चाबी सौंपी।

**यह रहे उपस्थित**

आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप जायसवाल, एसडीएम कांकेर अरुण वर्मा आदि उपस्थित रहे।

**निर्माणाधीन नालंदा परिसर का किया निरीक्षण**



*वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कांकेर शहर प्रवास के दौरान घड़ी चौक के समीप निर्माणाधीन नालंदा परिसर (सेंट्रल लाईब्रेरी) का अवलोकन एवं निरीक्षण किया। उन्होंने इसका निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में कराने के निर्देश कलेक्टर को दिए। इस दौरान वित्त मंत्री ने नगर के हृदय स्थल में स्वच्छ एवं हरियाली युक्त वातावरण में बनाए जा रहे नालंदा परिसर की सराहना की।*

### तेंदूपत्ता सीजन की शुरुआत से लोहत्तर में चहल-पहल, ग्रामीणों के चेहरे खिले



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति लोहत्तर में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य विधिवत प्रारंभ हो गया है। समिति के सभी 11 फड़ों में गतिविधियां शुरू होते ही क्षेत्र के ग्रामीणों और संग्रहणकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। हितग्राही तेंदूपत्ता एकत्र कर समिति परिसर में जमा कर रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में रौनक बढ़ गई है। जनपद के सभापति एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष विकास राजु नायक ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए आजीविका का एक बड़ा साधन है।

इससे न केवल परिवारों की आय में वृद्धि होती है, बल्कि आर्थिक संबल भी मिलता है। उन्होंने बताया कि शासन की यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने संग्रहणकर्ताओं से गुणवत्ता युक्त तेंदूपत्ता एकत्र करने और शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। साथ ही यह भी कहा कि इस कार्य में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय है, जो इसे और अधिक प्रभावी बनाती है। समिति प्रबंधन द्वारा संग्रहणकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, जिससे कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। ग्रामीणों ने भी शासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे रोजगार का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया है। तेंदूपत्ता सीजन के आगमन से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां तेज हो गई हैं, जिससे ग्रामीणों में नई उम्मीद और उत्साह का संचार हुआ है। इस दौरान प्रबंधक उमेन्द्र पुरामे, डिप्टी रेंजर सीताफ नरेटी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला की अकारण की पिटाई और दी धमकी, तीन पर मामला दर्ज

**कांकेर।** अंतागढ़ थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। तेंदूपत्ता तोड़ने गई एक महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मामूली विवाद अचानक हिंसक रूप ले बैठा और पीड़िता को गंभीर चोटों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार ग्राम उपरपारा निवासी 45 वर्षीय लगनी ध्रुव अपने भर्री क्षेत्र में तेंदूपत्ता तोड़ने गई थीं। इसी दौरान गांव के ही बैसाखू ध्रुव, कविता ध्रुव और पवन ध्रुव वहां पहुंचे और बिना किसी ठोस कारण के विवाद शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि तीनों आरोपियों ने उसे अपशब्द कहे और दोबारा उस क्षेत्र में तेंदूपत्ता तोड़ने पर जान से मारने की धमकी दी।



# दुर्गूकोंदल की बैठक में भाजपा के बूथ संगठन को मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

भारतीय जनता पार्टी की मंडल स्तरीय मासिक बैठक दुर्गुकोंदल में हुई, जिसमें संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तृत मंथन किया गया। बैठक में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं युवा मोर्चा के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी एवं छाया विधायक गौतम उयके ने कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं से ही आती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने और अधिकाधिक लोगों को लाभ दिलाने पर जोर दिया। उन्होंने आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए अनुशासन, समर्पण और निरंतर संवाद को संगठन की मजबूती का आधार बताया। आपसी समन्वय और नियमित संपर्क से ही पार्टी को और सशक्त बनाया जा सकता है। बैठक के दौरान संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए और क्षेत्र में पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए नई रणनीतियों पर चर्चा की। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। बैठक के सफल आयोजन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला। बैठक में बिदे कल्लो, रामचंद्र कल्लो, शाकेत नशीने, अशोक जैन, विजय पटेल, शकुंतला नरेटी, दीपक पुड़ो, संतोष दुग्गा, सुमित्रा दुग्गा, हरिशा मंडावी, राजु विकास नायक, नरेश कोमरा, फूलसिंह मंडावी, मुकेश नरेटी, किशोर सिन्हा, सतीश जैन, बलदेव दरों, वीरेंद्र जैन, सोमल जैन और पपीत गावड़े समेत सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## शराब पीना पड़ा मंहगा

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ढाबा के पास शराब पीने वालो को सार्वजनिक जगह पर शराब का सेवन कराने के आरोप में रायपुर जिला के खमतराई थानांतर्गत बीरगांव कैलाशनगर निवासी 33 वर्षीय रोहित सिंह पिता राम सिंह को पकड़ा गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी 5 मई को सार्वजनिक स्थान पर बैठाकर शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।









तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज